NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th

Subject : भूगोल

Chapter : 2

Chapter Name : हमारी पृथ्वी के अंदर

Q1 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) पृथ्वी के तीन परतें क्या हैं?

Answer. पृथ्वी की तीन परतें भू-पर्पटी , मैंटल और क्रोड।

Page : 10 , Block Name : अभ्यास

(ख) शैल क्या है?

Answer. पृथ्वी की पर्पटी बनाने वाले खनिज पदार्थ के किसी भी प्राकृतिक पिंड को शैल कहते हैं। शैल अलग-अलग रंग और आकार की होती है।

Page : 10 , Block Name : अभ्यास

(ग) तीन प्रकार की शैलों के नाम लिखें।

Answer. तीन प्रकार के शैल :-

- ➔ आग्नेय शैल
- ➔ अवसादी शैल
- ➔ कायांतरित शैल

Page : 10 , Block Name : अभ्यास

(घ) बहिर्भेदी एवं अन्तरभेदी शैल का निर्माण कैसे होता है?

aglasem.com

Answer. द्रवित लावा जब पृथ्वी के अंदर से निकलकर पृथ्वी की सतह पर आता है, यह तेज़ी से ठंडा होकर ठोस बन जाता है। पर्पटी के इस प्रकार से बने शैल को बहिर्भेदी आग्नेय शैल कहते हैं।

द्रवित मैग्मा कभी -कभी भू-पर्पटी तक आने से पहले ही ठंडा हो जाता है। इस प्रकार से बने शैल को अंतर्भेदी आग्नेय शैल कहते हैं।

Page : 10 , Block Name : अभ्यास

(ङ) शैल चक्र से आप क्या समझते हैं?

Answer. जब एक प्रकार का शैल दूसरे प्रकार शैल में परिवर्तित होता है तो परिवर्तन होने की इस प्रक्रिया को शैल चक्र कहते हैं।

द्रवित मैग्मा पृथ्वी की सतह पर ठंडा होने के बाद ठोस आग्नेय शैल बन जाता है। ये आग्नेय शैल किसी बाहरी या आतंरिक बल द्वारा टुकड़ों में टूटकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचकर अवसादी शैल बन जाते है। यही अवसादी शैल ताप एवं दाब के कारण कायांतरित शैल में बदल जाते है। अत्यधिक गर्मी या ताप और दबाव से यह कायांतरित शैल पिघलकर फिर से द्रवित मैग्मा बन जाती है। इस चक्रीय परिवर्तन को शैल चक्र कहते हैं।

Page : 10 , Block Name : अभ्यास

(च) शैलों के क्या उपयोग हैं?

Answer. शैलों के उपयोग :-

- ➔ शैलों का उपयोग - घर , सड़क और इमारतें बनाने के लिए।
- ➔ खेलों में - पिट्ठू , चिबिड्डी , गिट्टी आदि।

Page : 10 , Block Name : अभ्यास

(छ) कायांतरित शैल क्या है?

Answer. उच्च ताप एवं दबाव के कारण आग्नेय और अवसादी शैल में परिवर्तन होता है। इस परिवर्तन के फलस्वरूप यह कायांतरित शैल में परिवर्तित हो जाते है । जैसे कि चिकनी मिट्टी का स्लेट में परिवर्तित होना।

Page : 10 , Block Name : अभ्यास

aglasem.com

Q2 सही (☑) उत्तर चिह्नित कीजिए -

(क) द्रवित मैग्मा से बने शैल

(i) आग्नेय (ii) अवसादी (iii) कायांतरित

(ख) पृथ्वी की सबसे भीतरी परत

(i) पर्पटी (ii) क्रोड (iii) मैंटल

(ग) सोना , पेट्रोलियम एवं कोयला किसके उदाहरण हैं?

(i) शैल (ii) खनिज (iii) जीवाश्म

(घ) शैल , जिसमे जीवाश्म होते हैं

(i) अवसादी शैल (ii) कायांतरित शैल (iii) आग्नेय शैल

(ङ) पृथ्वी की सबसे पतली परत है

(i) पर्पटी (ii) मैंटल (iii) क्रोड

Answer.

(क) (i) आग्नेय

(ख) (ii) क्रोड

(ग) (ii) खनिज

(घ) (i) अवसादी शैल

(ङ) (i) पर्पटी

aglasem.com

Page : 10 , Block Name : अभ्यास

Q3 निम्नलिखित स्तंभों को मिलाकर सही जोड़े बनाइए -

(क) क्रोड (i) पृथ्वी की सतह

(ख) खनिज (ii) सड़क एवं इमारत बनाने के लिए उपयोग होता है

(ग) शैल (iii) सिलिका एवं एलुमिना से बनता है

(घ) चिकनी मिट्टी (iv) इसका एक निश्चित रासायनिक मिश्रण होता है

(ङ) सीएल (v) सबसे भीतरी परत

(vi) स्लेट में बदलता है

(vii) शैल के परिवर्तित होने की प्रक्रिया

Answer.

(क) क्रोड	(v) सबसे भीतरी परत
(ख) खनिज	(iv) इसका एक निश्चित रासायनिक मिश्रण होता है
(ग) शैल	(ii) सड़क एवं इमारत बनाने के लिए उपयोग होता है
(घ) चिकनी मिट्टी	(vi) स्लेट में बदलता है
(ङ) सीएल	(iii) सिलिका एवं एलुमिना से बनता है

aglasem.com

Page : 10 , Block Name : अभ्यास

Q4 कारण बताइए -

(क) हम पृथ्वी के केंद्र तक नहीं जा सकते हैं

Answer. पृथ्वी के केंद्र तक पहुँचने के लिए समुद्र की सतह पे 6000 किलोमीटर खोदना होगा। और हर 32 मीटर की खुदाई के बाद 1 सेंटीग्रेड ताप बढ़ता जाता है । पृथ्वी का केंद्र जो कि आंतरिक क्रोड है वह तक पहुचते पहुचते तापमान लगभग 6000 डिग्री सेल्सियस हो जाएगा जो हमारे सहने की क्षमता से बहुत ज्यादा है। अतः एक आदमी पृथ्वी के केंद्र था नहीं जा सकता ।

Page : 11 , Block Name : अभ्यास

(ख) अवसादी शैल अवसाद से बनती है।

Answer. वे शैल जो बाह्य बल (लुढ़ककर,एक-दूसरे से टकराकर) और आन्तारिक बल (चटककर) के प्रभाव से छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट जाती है और छोटे कण बन जाती है उसे अवसाद कहते हैं। ये अवसाद हवा, जल के द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचकर जमा हो जाते हैं , ये अवसाद दबकर कठोर शैल की परत बनाते हैं जिसे अवसादी शैल कहते हैं।

Page : 11 , Block Name : अभ्यास

(ग) चूना पत्थर संगमरमर में बदलता है।

Answer. अवसादी शैल ऊँचे ताप और दबाव के कारण कायांतरित शैलों में बदल जाते हैं। चुना पत्थर भी एक अवसाद शैल है जो कि उच्च ताप और दबाव के प्रभाव से संगमरमर में बदलता है।

Page : 11 , Block Name : अभ्यास

aglasem.com